# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 7.9.24 | 3 | 7-8 |

## समाज एवं राष्ट्र के नव निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका



कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। ● पीआरओ

जागरण संवाददाता ● हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में शिक्षक दिवस पर विद्यार्थियों ने कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र के नव निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एसके पाहुजा ने कहा कि महान विभूतियों के जन्म दिवस को इसलिए मनाया जाता है ताकि विद्यार्थी उनके द्वारा बताए मार्ग पर चलकर एवं उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकें। विद्यार्थी मनोज कुमार, अक्षय मेहता, अभिषेक, यशीका, एंडरसन, मान्या, अंशवीर तथा शलेन्द्र ने कविता एवं स्पीच से शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डाला।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 7.9.24 | 12 | 3-6 |


## हकृवि के कृषि महाविद्यालय में शिक्षक पर कार्यक्रम आयोजित

# राष्ट्र के नव निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▸▸। हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र के नव निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका है। हमारे देश में प्राचीन काल से गुरु व शिष्य की परंपरा चली आ रही है। शिक्षक हमें सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। गुरु संसार कि



हिसार। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

श्रेष्ठ पदवी है, जो अपने शिष्य को सर्वोत्तम बनाने के लिए धर्म का निर्वहन करता है। शिक्षक राष्ट्र निर्माता है, वह अपने बुद्धि कौशल से बच्चों के चरित्र का निर्माण करता है। गुरु शिष्य कि परम्परा को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने व समाज एवं राष्ट्र के नव निर्माण में योगदान देने के लिए आगे आना चाहिए।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एसके पाहुजा ने कार्यक्रम में सभी का श्लोक के माध्यम से स्वागत किया और शिक्षक दिवस के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि महान विभूतियों के जन्म दिवस को इसलिए मनाया जाता है ताकि विद्यार्थी उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर एवं उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रर के प्रति अपनी जिम्मेदारी का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकें। महाविद्यालय के विद्यार्थी मनोज कुमार, अक्षय मेहता, अभिषेक, यशीका, एंडरसन, मान्या, अंशवीर तथा शलेन्द्र ने कविता एवं स्पीच के माध्यम से शिक्षक की भुमिका पर प्रकाश डाला।

मंच का संचालन छात्र नमन व धन्यवाद अक्षय ने किया। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक, गैर शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 7.9.24 | 4 | 7-8 |

# समाज एवं राष्ट्र के नव निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिकाः प्रो. काम्बोज

हिसार, 6 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए*

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र के नव निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका है। हमारे देश में प्राचीन काल से गुरु व शिष्य की परंपरा चली आ रही है। शिक्षक हमें सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। गुरु संसार कि श्रेष्ठ पदवी है, जो अपने शिष्य को सर्वोत्तम बनाने के लिए धर्म का निर्वहन करता है। शिक्षक राष्ट्र निर्माता है, वह अपने बुद्धि कौशल से बच्चों के चरित्र का निर्माण करता है। गुरु शिष्य कि परम्परा को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने भविष्य को उज्जवल बनाने व समाज एवं राष्ट्र के नव निर्माण में योगदान देने के लिए आगे आना चाहिए। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा ने कार्यक्रम में सभी का श्लोक के माध्यम से स्वागत किया और शिक्षक दिवस के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा कि महान विभूतियों के जन्म दिवस को इसलिए मनाया जाता है ताकि विद्यार्थी उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर एवं उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकें। महाविद्यालय के विद्यार्थी मनोज कुमार, अक्षय मेहता, अभिषेक, यशीका, एंडरसन, मान्या, अंशवीर तथा शलेन्द्र ने कविता एवं स्पीच के माध्यम से शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डाला। मंच का संचालन छात्र नमन व धन्यवाद अक्षय ने किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 7-9-24 | 3 | 7-8 |

## कृषि महाविद्यालय में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम



हिसार | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र के नव निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका है। हमारे देश में प्राचीन काल से गुरु व शिष्य की परंपरा चली आ रही है। शिक्षक हमें सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 7.9.24 | 4 | 7-8 |

## राष्ट्र के निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका




हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र के नव निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका है। इस मौके पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, विद्यार्थी मनोज कुमार, अक्षय मेहता, अभिषेक, यशीका, एंडरसन, मान्या, अंशवीर, शलेंद्र, नमन व अक्षय मौजूद रहे। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| हैलो हिसार | 07.09.2024 | --- | -- |


# समाज एवं राष्ट्र के नव निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका:प्रो. बी.आर. काम्बोज




हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र के नव निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका है। हमारे देश में प्राचीन काल से गुरु व शिष्य की परंपरा चली आ रही है। शिक्षक हमें सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। गुरु संसार कि श्रेष्ठ पदवी है, जो अपने शिष्य को सर्वोत्तम बनाने के लिए धर्म का निर्वहन करता है। शिक्षक राष्ट्र निर्माता है, वह अपने बुद्धि कौशल से बच्चों के चरित्र का निर्माण करता है। गुरु शिष्य कि परम्परा को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने व समाज एवं राष्ट्र के नव निर्माण में योगदान देने के लिए आगे आना चाहिए।

उन्होंने कहा शिक्षा जीवन का आधार है और शिक्षक जीवन को सार्थकता प्रदान करते हैं। अच्छे शिक्षक अपने ज्ञान के प्रकाश से छात्रों के जीवन को प्रज्वलित करके राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए शिक्षकों को और अधिक बेहतर ढंग से कार्य करना चाहिए। शिक्षक छात्रों को ज्ञान प्रदान करने, निर्देश देने के साथ साथ उनका मार्गदर्शन भी करता है। एक अच्छा शिक्षक छात्रों को उनकी शैक्षिक यात्रा में सहायता प्रदान करता है तथा शैक्षणिक चुनौतियों से निपटने में भी अहम भूमिका निभाता है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक सवेरा | 07.09.2024 | --- | -- |


# समाज एवं राष्ट्र के नव निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका : प्रो. बीआर काम्बोज

- हकृवि के कृषि महाविद्यालय में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर विशेष कार्यक्रम का हुआ आयोजन



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

सवेरा न्यूज/सुरेंद्र सोढी

हिसार, 6 अक्टूबर : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र के नव निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका है। हमारे देश में प्राचीन काल से गुरु व शिष्य की परंपरा चली आ रही है। शिक्षक हमें सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। गुरु संसार कि श्रेष्ठ पदवी है, जो अपने शिष्य को सर्वोत्तम बनाने के लिए धर्म का निर्वहन करता है। शिक्षक राष्ट्र निर्माता है, वह अपने बुद्धि कौशल से बच्चों के चरित्र का निर्माण करता है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एसके पाहुजा ने कार्यक्रम में सभी का श्लोक के माध्यम से स्वागत किया और शिक्षक दिवस के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा कि महान विभूतियों के जन्म दिवस को इसलिए मनाया जाता है ताकि विद्यार्थी उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर एवं उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकें। महाविद्यालय के विद्यार्थी मनोज कुमार, अक्षय मेहता, अभिषेक, यशीका, एंडरसन, मान्या, अंशवीर तथा शलेन्द्र ने कविता एवं स्पीच के माध्यम से शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डाला। मंच का संचालन छात्र नमन व धन्यवाद अक्षय ने किया। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक, गैर शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 06.09.2024 | --- | -- |

# समाज व राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका : प्रो. काम्बोज

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र के नव निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका है। हमारे देश में प्राचीन काल से गुरु व शिष्य की परंपरा चली आ रही है। शिक्षक हमें सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते है। गुरु संस्कार कि श्रेष्ठ पदवी है, जो अपने शिष्य को सर्वोत्तम बनाने के लिए धर्म का निर्वहन करता है। शिक्षक राष्ट्र निर्माता है, वह अपने बुद्धि कौशल से बच्चों के चरित्र का निर्माण करता है। गुरु शिष्य कि परम्परा को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने व समाज एवं राष्ट्र के नव निर्माण में योगदान देने के लिए आगे आना चाहिए।

उन्होंने कहा शिक्षा जीवन का आधार है और शिक्षक जीवन को सार्थकता प्रदान करते है। अच्छे शिक्षक अपने ज्ञान के प्रकाश से छात्रों के जीवन को प्रज्वलित करके राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते है। उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए शिक्षकों को और अधिक बेहतर ढंग से कार्य करना चाहिए। शिक्षक छात्रों को ज्ञान प्रदान करने, निर्देश देने के साथ साथ उनका मार्गदर्शन भी करता है। एक अच्छा शिक्षक छात्रों को उनकी शैक्षिक यात्रा में सहायता प्रदान करता है तथा शैक्षणिक चुनौतियों से निपटने में भी अहम भूमिका निभाता है।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एस.के. पाहुजा ने कार्यक्रम में सभी का श्लोक के माध्यम से स्वागत किया और शिक्षक दिवस के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि महान विभूतियों के जन्म दिवस को इसलिए मनाया जाता है ताकि विद्यार्थी उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर एवं उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकें। महाविद्यालय के विद्यार्थी मनोज कुमार, अक्षय मेहता, अभिषेक, पलीका, एंडरसन, मान्या, अशवीर तथा शलेन्द्र ने कविता एवं स्पीच के माध्यम से शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डाला। मंच का संचालन छात्र सुमन व धन्यवाद अक्षय ने किया। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक, गैर शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।